Rapid Fire करेंट अफेयर्स (11 September)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-september-11

- ग्रेटर नोएडा में संपन्न हुई **संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन टू कॉम्बैट डेजर्टिफिकेशन की** 14वीं बैठक **(UNCCD COP 14)** में शोधकर्त्ताओं ने चेतावनी देते हुए बताया कि जानवरों की कम-से-कम तीन से चार प्रजातियाँ, जैसे- **भारतीय चीता, गुलाबी सिर वाली बत्तख और ग्रेट इंडियन बस्टर्ड** भारत में मरुस्थलीकरण के कारण विलुप्त हो गई हैं। कई अन्य जानवर तथा पक्षी **गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों** की श्रेणी में आ गए हैं। ज़ूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के पास 5.6 मिलियन से अधिक नमूनों के लिये एक डेटाबेस है, जो आज़ादी से पहले पूरे भारत से और पड़ोसी देशों से एकत्र किये गए हैं। जियो-स्पेशल प्लेटफॉर्मों में इनके वितरण को देखने पर पता चलता है कि वनों की कटाई और मरुस्थलीकरण के प्रभाव के कारण इसका क्या प्रभाव पड़ा है। शोधकर्त्ताओं के अनुसार, मरुस्थलीकरण न केवल जानवरों पर बल्कि संपूर्ण जैव विविधता को प्रभावित करता है। इससे सूक्ष्म जीव से लेकर मानव तक शामिल हैं। इस मरुस्थलीकरण से पूरी खाद्य **शृंखला/फूड चेन** प्रभावित होती है। यह भी बताया गया कि भारत **भूमि क्षरण** के बढ़ते संकट का सामना कर रहा है। वनों की कटाई, अत्यधिक खेती, मिट्टी के कटाव और आर्द्रभूमि के क्षय के माध्यम से इसके भू-भाग का 30 प्रतिशत से अधिक हिस्सा खराब हो गया है, जबकि भारत में कुछ सबसे कमज़ोर पारिस्थितिक तंत्र पाए जा सकते हैं।
- प्रतिवर्ष 10 सितंबर को **विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस (WSPD)** मनाया जाता है, जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के सहयोग से **इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन** तथा **NGO आत्महत्या निषेध अंतर्राष्ट्रीय संगठन** द्वारा आयोजित किया जाता है। इस वर्ष इस दिवस की थीम **Working Together to Prevent Suicide** रखी गई है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य इस तथ्य के बारे में लोगों के बीच जागरूकता उत्पन्न करना है कि आत्महत्या को रोका जा सकता है। WHO के मुताबिक विश्व में हर साल करीब लाखों लोग वाह्य एवं आंतरिक कारणों के चलते आत्महत्या करते हैं। औसतन हर 30 मिनट पर आत्महत्या से एक मौत और प्रत्येक दो मिनट पर इसकी कोशिश की जाती है। WHO के आँकड़ों से पता चलता है कि भारत में हर साल लाखों लोग आत्महत्या करते हैं तथा भारत में आत्महत्या की रोकथाम के लिये एक **राष्ट्रीय योजना** की ज़रूरत है।
- दक्षिण भारत, विशेषकर केरल का सबसे लोकप्रिय पर्व **ओणम** प्रायः सितंबर माह के पहले पखवाड़े में मनाया जाता है। इस वर्ष ओणम त्योहार का सबसे खास दिन **तिरु ओणम** पूरे केरल में 11 सितंबर को मनाया गया। यह राज्य का **कृषि पर्व** कहलाता है तथा इसे मुख्य तौर पर **मलयाली हिन्दू** मनाते हैं। ओणम मलयालम कैलेंडर के पहले महीने **चिंगम** से शुरू होता है, इसलिये इसे मलयाली हिंदुओं का नववर्ष भी कहा जाता है। लगभग 10-12 दिन के इस त्योहार का पहला और आखिरी दिन सबसे महत्त्वपूर्ण होता है। इस वर्ष ओणम 1 सितंबर को शुरू हुआ और 13 सितंबर को समाप्त होगा। यह त्यौहार असुर राजा **महाबलि** के पुनः घर आगमन का भी प्रतीक है। ओणम पर 26 पकवानों वाले सद्या को केले के पत्ते पर खास तरीके व क्रम में परोसा जाता है, जिसे **सद्या थाली** कहते हैं और यह ओणम का सबसे महत्त्वपूर्ण आयोजन होता है।
- फ्रेंच ओपन विजेता स्पेन के **राफेल नडाल** ने रूस के **दानिल मेदवेदेव** को हराकर **यूएस ओपन 2019** में पुरुषों का एकल मुकाबला जीत लिया। 5 घंटे तक चले 5 सेट का मुकाबला जीतने वाले नडाल का यह चौथा यूएस ओपन खिताब है। इससे पहले उन्होंने वर्ष 2010, 2013 और 2017 में यूएस ओपन का खिताब जीता था। यह इस वर्ष उनका दूसरा

ग्रैंड स्लेम है, वह इस वर्ष फ्रेंच ओपन खिताब भी जीत चुके हैं। महिला वर्ग में 23 बार की ग्रैंड स्लेम विजेता अमेरिका की **सेरेना विलियम्स** को 15वीं रैंकिंग वाली 19 वर्षीय कनाडा की **बियांका आंद्रेस्कू** ने फाइनल मुकाबले में हराकर इतिहास रच दिया। पहली बार यह प्रतियोगिता अमेरिका में वर्ष 1881 में अगस्त के महीने में न्यूपोर्ट में खेली गई और वर्ष 1918 तक इसका आयोजन न्यूपोर्ट में ही हुआ। महिलाओं का एकल पहली बार वर्ष 1887 में फिलाडेल्फिया में खेला गया। वर्ष 1919 में इस प्रतियोगिता का स्थान बदलकर फॉरेस्ट हिल टेनिस क्लब न्यूयॉर्क कर दिया गया। लॉन टेनिस में **टाई ब्रेकर** को अपनाने वाली यह पहली बड़ी प्रतियोगिता थी।

- **ज़िम्बाब्वे** के संस्थापक एवं पूर्व राष्ट्रपति **रॉबर्ट मुगाबे** का 95 वर्ष की आयु में सिंगापुर में निधन हो गया। बढ़ते उग्रवाद और आर्थिक प्रतिबंधों के कारण रोडेशिया सरकार के वार्ता के लिये सहमत होने के बाद वर्ष 1980 के चुनावों में पूर्व राजनीतिक कैदी और गुरिल्ला युद्ध के नेता रॉबर्ट मुगाबे सत्ता में आए थे। रॉबर्ट मुगाबे ने 37 सालों तक ज़िम्बाब्वे का नेतृत्व किया था वह वर्ष 1980 से 1987 तक प्रधानमंत्री तथा वर्ष 1987 से 2017 तक राष्ट्रपति रहे थे। नवंबर 2017 में एक सैन्य तख्तापलट में उन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। विदित हो कि ज़िम्बाब्वे को पहले **दक्षिण रोडेशिया, रोडेशिया, रोडेशिया गणराज्य** और **ज़िम्बाब्वे रोडेशिया** के नाम से जाना जाता था। ज़िम्बाब्वे अफ़्रीकी महाद्वीप के दक्षिणी भाग में स्थित एक भू-आबद्ध (Landlock) देश है। इसकी सीमाएँ दक्षिण में दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण-पश्चिम में बोत्सवाना पश्चिमोत्तर में ज़ाम्बिया और पूर्व में मोज़ाम्बिक से मिलती हैं।